Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 02/09/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सी, जीनोम-संपादित चावल की किस्म भारत द्वारा 2025 में लॉन्च की गई है?

Ans
1. बासमती गोल्ड
2. शक्ति चावल
3. सुपर चावल 21
4. DRR चावल 100 ✔

**Q.2** निम्नलिखित में से क्या, वर्ष 2025 के राष्ट्रीय खेलों का आधिकारिक शुभंकर (mascot) था?

Ans
1. शिखर
2. मौली ✔
3. गजसिम्हा
4. तेजस्विनी

**Q.3** कौन सा प्राधिकारी राज्य स्तर पर मंत्रिपरिषद को भंग कर सकता है?

Ans
1. राष्ट्रपति
2. उच्च न्यायालय
3. प्रधानमंत्री
4. राज्यपाल ✔

**Q.4** भारत के प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) का मुख्य फोकस क्षेत्र निम्नलिखित में से कौन-सा था?

Ans
1. कृषि और सिंचाई ✔
2. उद्योग और अवसंरचना
3. रक्षा और सुरक्षा
4. सेवाएं और शिक्षा

**Q.5** मई 2025 में जारी, सोरायसिस के उपचार के लिए CSIR-CIMAP द्वारा विकसित हर्बल क्रीम का नाम क्या है?

Ans
1. हर्बलॉइड (Herbaloid)
2. स्किनक्योर (SkinCure)
3. सोरियासीआईएम (PsoriaCIM) ✔
4. डर्माहर्ब (DermaHerb)

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

| | |
|---|---|
| Q.6 | निम्नलिखित में से कौन-सी स्थानीय पवनें, शीतकाल के दौरान तमिलनाडु में वर्षा लाने के लिए जानी जाती हैं? |
| Ans | ✗ 1. दक्षिण-पश्चिमी मानसून (Southwest monsoon) |
| | ✓ 2. उत्तर-पूर्वी मानसून (Northeast monsoon) |
| | ✗ 3. नॉरवेस्टर (Nor'wester) |
| | ✗ 4. जेट स्ट्रीम (Jet stream) |

| | |
|---|---|
| Q.7 | अप्रैल 2025 में, सर्वोच्च न्यायालय ने 'नि:शक्त व्यक्तियों' के लिए पहुंच सुनिश्चित करने हेतु KYC डिजिटल मानदंडों में संशोधन का निर्देश देने के लिए संविधान के किस अनुच्छेद की पुनर्व्याख्या की? |
| Ans | ✗ 1. अनुच्छेद 14 |
| | ✗ 2. अनुच्छेद 25 |
| | ✗ 3. अनुच्छेद 30 |
| | ✓ 4. अनुच्छेद 21 |

| | |
|---|---|
| Q.8 | भारत में एक प्रमुख शिखर परभक्षी और उसके पारितंत्र के संरक्षण के लिए 1973 में निम्नलिखित में से कौन-सी सरकारी पहल शुरू की गई थी? |
| Ans | ✗ 1. परियोजना एलीफैंट (Project Elephant) |
| | ✗ 2. प्रोजेक्ट राइनो (Project Rhino) |
| | ✓ 3. प्रोजेक्ट टाइगर (Project Tiger) |
| | ✗ 4. प्रोजेक्ट एशियाटिक लायन (Project Asiatic Lion) |

| | |
|---|---|
| Q.9 | केरल सरकार की चौथी वर्षगांठ समारोह के हिस्से के रूप में मई 2025 में मरीन ड्राइव, कोच्चि में आयोजित एन्टे केरलम (Ente Keralam) प्रदर्शनी में किस भारतीय विश्वविद्यालय ने भारत का पहला पूर्ण स्वचालित सब्जी पौधा (vegetable sapling) प्रत्यारोपण यंत्र प्रदर्शित किया? |
| Ans | ✗ 1. केरल कृषि विश्वविद्यालय |
| | ✓ 2. कोचीन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (Cusat) |
| | ✗ 3. भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेंगलुरु |
| | ✗ 4. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (IIT-M) |

| | |
|---|---|
| Q.10 | प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किस तिथि को मुंबई में आयोजित भारत के अपनी तरह के पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट, WAVES 2025 का उद्घाटन किया था? |
| Ans | ✗ 1. 20 अप्रैल 2025 |
| | ✗ 2. 4 मई 2025 |
| | ✓ 3. 1 मई 2025 |
| | ✗ 4. 1 अप्रैल 2025 |

| | |
|---|---|
| Q.11 | पृथ्वी के आंतरिक भाग से निकलने वाली ऊष्मा का उपयोग करके उत्पादित की जाने वाली ऊर्जा को _______ कहा जाता है। |
| Ans | ✓ 1. भू-तापीय ऊर्जा |
| | ✗ 2. ज्वारीय ऊर्जा |
| | ✗ 3. बायोमास ऊर्जा |
| | ✗ 4. सौर ऊर्जा |

| | |
|---|---|
| Q.12 | ड्रैग एंड ड्रॉप विधि का उपयोग करके किसी फ़ाइल या फ़ोल्डर को कॉपी करने का सही तरीका क्या है? |
| Ans | ✓ 1. राइट पैन में फाइल सलेक्ट करके →लेफ्ट पैन में इसे फोल्डर तक ड्रैग करके → वहां ड्राप करके |
| | ✗ 2. फाइल सलेक्ट करके→ Ctrl + C प्रेस करके→ रिसाइकिल बिन में ड्राप करके |
| | ✗ 3. फाइल पर डबल क्लिक करके → उसे उसी फोल्डर में पुन: ड्रैग करके |
| | ✗ 4. file पर राइट क्लिक करके→ इसे डेस्कटॉप पर ड्रैग करके → Delete प्रेस करके |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.13 | निम्नलिखित में से किस धातु का उपयोग अमोनिया संश्लेषण के लिए हैबर प्रक्रिया में उत्प्रेरक के रूप में किया जाता है? |
| Ans | ✗ 1. प्लैटिनम |
| | ✗ 2. तांबा |
| | ✓ 3. आयरन |
| | ✗ 4. निकेल |

| | |
|---|---|
| Q.14 | निम्नलिखित में से कौन-सी, शास्त्रीय रंगमंच शैली कर्नाटक से संबंधित है और इसमें रंगीन परिधानों के साथ नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की जाती है? |
| Ans | ✗ 1. भवई |
| | ✗ 2. कथकली |
| | ✗ 3. जात्रा |
| | ✓ 4. यक्षगान |

| | |
|---|---|
| Q.15 | शीला भरत राम थिएटर फेस्टिवल का 2025 संस्करण, निम्नलिखित में से किस स्थान पर आयोजित किया गया? |
| Ans | ✗ 1. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, दिल्ली |
| | ✗ 2. कमानी ऑडिटोरियम, दिल्ली |
| | ✓ 3. श्री राम सेंटर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स, दिल्ली |
| | ✗ 4. इंडिया हैबिटेट सेंटर, दिल्ली |

| | |
|---|---|
| Q.16 | प्रायद्वीपीय पठार में आवर्ती भूकंपी सक्रियता से हुए भ्रंश (fault) को क्या कहा जाता है? |
| Ans | ✗ 1. मालदा भ्रंश |
| | ✗ 2. नर्मदा भ्रंश |
| | ✓ 3. भीम भ्रंश |
| | ✗ 4. विन्ध्य भ्रंश |

| | |
|---|---|
| Q.17 | निम्नलिखित में से कौन-सा, HCl का संयुग्मी क्षारक है? |
| Ans | ✗ 1. $OH^-$ |
| | ✗ 2. $Cl^+$ |
| | ✗ 3. $H_3O^+$ |
| | ✓ 4. $Cl^-$ |

| | |
|---|---|
| Q.18 | प्रधानमंत्री जन धन योजना किस वर्ष शुरू की गई थी? |
| Ans | ✗ 1. 2016 |
| | ✓ 2. 2014 |
| | ✗ 3. 2013 |
| | ✗ 4. 2015 |

| | |
|---|---|
| Q.19 | अप्रैल 2025 में पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ कौन-सी संधि, निलंबित कर दी? |
| Ans | ✓ 1. सिंधु जल संधि |
| | ✗ 2. लाहौर संधि |
| | ✗ 3. ताशकंद समझौता |
| | ✗ 4. शिमला समझौता |

| | |
|---|---|
| Q.20 | केरल में किस सुधार आंदोलन ने शिक्षा और सामाजिक समानता के माध्यम से पिछड़ी जातियों के उत्थान पर ध्यान केंद्रित किया? |
| Ans | ✗ 1. आर्य समाज |
| | ✗ 2. सिंह सभा |
| | ✓ 3. एस.एन.डी.पी. (SNDP) सभा |
| | ✗ 4. कायस्थ सभा |

| | |
|---|---|
| Q.21 | 2025 में, भारत ने जकार्ता में आयोजित एक बैठक के दौरान उत्पादकता एवं स्थिरता पर केंद्रित किस अंतर्राष्ट्रीय निकाय की अध्यक्षता ग्रहण की? |
| Ans | ✗ 1. 2025-26 कार्यकाल के लिए एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) |
| | ✗ 2. 2026 कार्यकाल के लिए दक्षिण एशियाई उत्पादकता संघ (SAAP) |
| | ✓ 3. 2025-26 कार्यकाल के लिए एशियाई उत्पादकता संगठन (APO) |
| | ✗ 4. दो वर्षीय कार्यकाल के लिए आसियान आर्थिक विकास परिषद (ACEG) |

| | |
|---|---|
| Q.22 | निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज, रक्त में ऑक्सीजन परिवहन के लिए अनिवार्य है? |
| Ans | ✗ 1. जिंक |
| | ✗ 2. मैग्नीशियम |
| | ✓ 3. आयरन |
| | ✗ 4. कैल्सियम |

| | |
|---|---|
| Q.23 | 1 जून 2025 को अंडमान और निकोबार कमान (CINCAN) के 18वें कमांडर-इन-चीफ के रूप में किसने पदभार ग्रहण किया? |
| Ans | ✓ 1. लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा |
| | ✗ 2. लेफ्टिनेंट जनरल विजय कुमार सिंह |
| | ✗ 3. लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चटर्जी |
| | ✗ 4. लेफ्टिनेंट जनरल राजेश मेहता |

| | |
|---|---|
| Q.24 | दोहा में आयोजित 2025 अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (ITTF) विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में पुरुष एकल चैंपियन कौन बना? |
| Ans | ✗ 1. लिन गाओयुआन (Lin Gaoyuan) |
| | ✓ 2. वांग चुकिन (Wang Chuqin) |
| | ✗ 3. मा लोंग (Ma Long) |
| | ✗ 4. फैन ज़ेंडोंग (Fan Zhendong) |

| | |
|---|---|
| Q.25 | मई 2025 में भारतीय नौसेना में शामिल किए गए पहले स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW-SWC) का नाम क्या है? |
| Ans | ✗ 1. आईएनएस गरुड़ (INS Garuda) |
| | ✗ 2. आईएनएस अरिघाट (INS Arighaat) |
| | ✗ 3. आईएनएस तुशील (INS Tushil) |
| | ✓ 4. आईएनएस अर्नाला (INS Arnala) |

| | |
|---|---|
| Q.26 | जून 2025 में रक्षा संपदा महानिदेशक (DGDE) के रूप में किसे नियुक्त किया गया? |
| Ans | ✗ 1. विक्रम सिंह राठौड़ |
| | ✓ 2. शैलेंद्र नाथ गुप्ता |
| | ✗ 3. अनिल चौधरी |
| | ✗ 4. राजेश कुमार सिंह |

| | |
|---|---|
| Q.27 | मालवा क्षेत्र में नागभट्ट प्रथम द्वारा गुर्जर प्रतिहार राजवंश की स्थापना कब की गई थी? |
| Ans | ✗ 1. बारहवीं शताब्दी |
| | ✗ 2. दसवीं शताब्दी |
| | ✓ 3. आठवीं शताब्दी |
| | ✗ 4. छठी शताब्दी |

| | |
|---|---|
| Q.28 | प्रारंभिक वायुमंडल में कौन-सी गैस सबसे कम प्रचुर मात्रा में थी? |
| Ans | ✗ 1. कार्बन डाइऑक्साइड |
| | ✗ 2. नाइट्रोजन |
| | ✓ 3. मुक्त ऑक्सीजन |
| | ✗ 4. जल वाष्प |

| | |
|---|---|
| Q.29 | भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के किस संस्थान ने भारत की पहली जीनोम-संपादित चावल किस्म DRR राइस 100 (कमला) विकसित की है? |
| Ans | ✗ 1. ICAR-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (NRRI), कटक |
| | ✗ 2. ICAR-केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल |
| | ✗ 3. ICAR-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली |
| | ✓ 4. ICAR-भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद |

| | |
|---|---|
| Q.30 | आठवीं और नौवीं शताब्दी के दौरान निम्नलिखित में से किन शक्तियों के बीच 'त्रिपक्षीय संघर्ष' हुआ था? |
| Ans | ✗ 1. राष्ट्रकूट, चोल और वर्धन |
| | ✗ 2. चोल, चालुक्य और सातवाहन |
| | ✓ 3. पाल, प्रतिहार और राष्ट्रकूट |
| | ✗ 4. पांड्य, पल्लव और चोल |

| | |
|---|---|
| Q.31 | निम्नलिखित में से कौन-सा, 19वीं शताब्दी में भारत में उपनिवेशवाद के विरुद्ध सबसे बड़ा सशस्त्र प्रतिरोध था? |
| Ans | ✗ 1. भारत छोड़ो आंदोलन |
| | ✗ 2. पहला आंग्ल-मराठा युद्ध |
| | ✗ 3. बक्सर का युद्ध |
| | ✓ 4. सिपाही विद्रोह |

| | |
|---|---|
| Q.32 | निम्नलिखित में से कौन-सी, भारत के राष्ट्रपति की भूमिका नहीं है? |
| Ans | ✓ 1. चुनाव कराना |
| | ✗ 2. विधेयकों को कानून में पारित करना |
| | ✗ 3. संसद को बुलाना और भंग करना |
| | ✗ 4. प्रधानमंत्री की नियुक्ति |

| | |
|---|---|
| Q.33 | ब्रिटिश शासन के तहत भूमि राजस्व प्रणाली क्षेत्रीय रूप से भिन्न थी। बंबई और मद्रास प्रेसीडेंसी में मुख्य रूप से कौन-सी भू-राजस्व प्रणाली का अनुसरण किया जाता था? |
| Ans | ✗ 1. महलवारी |
| | ✓ 2. रैयतवारी |
| | ✗ 3. जमींदारी |
| | ✗ 4. जागीरदारी |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.34 | तीव्र औद्योगिकीकरण भारत के प्रारंभिक नियोजन प्रयासों की पहचान थी। किस पंचवर्षीय योजना ने भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों की नींव रखी थी? |
| Ans | ✗ 1. पांचवीं योजना |
| | ✗ 2. पहली योजना |
| | ✓ 3. दूसरी योजना |
| | ✗ 4. चौथी योजना |

| | |
|---|---|
| Q.35 | निम्नलिखित में से कौन-सा मंत्रालय नागरिकीकरण द्वारा भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है? |
| Ans | ✗ 1. संसदीय कार्य मंत्रालय |
| | ✗ 2. विदेश मंत्रालय |
| | ✓ 3. गृह मंत्रालय |
| | ✗ 4. विधि एवं न्याय मंत्रालय |

| | |
|---|---|
| Q.36 | भारत में सन 1505 में नौसैनिक श्रेष्ठता स्थापित करने के लिए भेजा गया पहला पुर्तगाली गवर्नर कौन था? |
| Ans | ✗ 1. डी सूजा (De Souza) |
| | ✓ 2. डी अल्मेडा (De Almeida) |
| | ✗ 3. अल्बुकर्क (Albuquerque) |
| | ✗ 4. नीनो दा कुन्हा (Nino-da-Cunha) |

| | |
|---|---|
| Q.37 | आप एमएस विंडोज में किसी फ़ाइल को स्थायी रूप से कैसे डिलीट कर सकते हैं जिससे वह रीसायकल बिन में न जाए? |
| Ans | ✓ 1. फ़ाइल पर राइट-क्लिक करें और 'Shift + Delete' प्रेस करें |
| | ✗ 2. फ़ाइल पर राइट-क्लिक करें और 'Delete' सिलेक्ट करें |
| | ✗ 3. फ़ाइल को रीसायकल बिन में ड्रैग करें |
| | ✗ 4. फ़ाइल पर राइट-क्लिक करें और Ctrl + D प्रेस करें |

| | |
|---|---|
| Q.38 | मई 2025 में आयोजित 72वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल में कोविड महामारी के दौरान परोपकारी कार्यों के लिए किसे मानवतावादी पुरस्कार (Humanitarian Award) से सम्मानित किया गया? |
| Ans | ✗ 1. अक्षय कुमार |
| | ✗ 2. शाहरुख खान |
| | ✗ 3. अमिताभ बच्चन |
| | ✓ 4. सोनू सूद |

| | |
|---|---|
| Q.39 | भारतीय संविधान के प्रारंभ में, निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद नागरिकता के अधिकारों से संबंधित है? |
| Ans | ✓ 1. अनुच्छेद 5 |
| | ✗ 2. अनुच्छेद 10 |
| | ✗ 3. अनुच्छेद 11 |
| | ✗ 4. अनुच्छेद 7 |

| | |
|---|---|
| Q.40 | निम्नलिखित में से किसने 1985 में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी, जिसे सामान्यत: IGRUA कहा जाता है, की आधारशिला रखी? |
| Ans | ✓ 1. राजीव गांधी |
| | ✗ 2. मोरारजी देसाई |
| | ✗ 3. जवाहरलाल नेहरू |
| | ✗ 4. गुलजारी लाल नंदा |

Section : **Mathematics**

| | |
|---|---|
| Q.1 | ₹400 की धनराशि, वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली एक निश्चित वार्षिक ब्याज दर पर 2 वर्षों में ₹529 हो जाती है। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 11% |
| | ✓ 2. 15% |
| | ✗ 3. 16% |
| | ✗ 4. 18% |

| | |
|---|---|
| Q.2 | 3 वर्ष पहले, एक पिता की आयु उसके पुत्र की आयु के दोगुने से 18 वर्ष अधिक थी। अब से कितने वर्ष बाद, उसकी आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी हो जाएगी? |
| Ans | ✓ 1. 15 |
| | ✗ 2. 13 |
| | ✗ 3. 11 |
| | ✗ 4. 17 |

| | |
|---|---|
| Q.3 | पाइप P किसी टैंक के $\frac{3}{8}$ भाग को 21 घंटे में भर सकता है और पाइप Q उसी टैंक के $\frac{2}{7}$ भाग को 16 घंटे में भर सकता है।<br>P और Q दोनों को 2 घंटे के लिए खुला रखा गया, फिर दोनों को बंद कर दिया गया। फिर केवल पाइप R को खोला गया और<br>उसने टैंक का पूरा पानी 3 घंटे में खाली कर दिया। पाइप P, Q और R एक साथ खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं? |
| Ans | ✗ 1. 89 घंटे |
| | ✗ 2. 94 घंटे |
| | ✗ 3. 67 घंटे |
| | ✓ 4. 84 घंटे |

| | |
|---|---|
| Q.4 | एक बल्लेबाज द्वारा 23 मैचों में बनाए गए औसत रन 42 हैं। अगले 10 मैचों में, बल्लेबाज ने औसतन 13 रन बनाए। सभी 33 मैचों में उसके द्वारा बनाए गए औसत रन (दो दशमलव तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 32.21 |
| | ✓ 2. 33.21 |
| | ✗ 3. 34.21 |
| | ✗ 4. 35.21 |

| | |
|---|---|
| Q.5 | 75 का 65%, 15 के $\frac{3}{5}$ से कितना अधिक है? |
| Ans | ✗ 1. 37.75 |
| | ✗ 2. 36.75 |
| | ✗ 3. 33.75 |
| | ✓ 4. 39.75 |

| | |
|---|---|
| Q.6 | किसी कस्बे की वर्तमान जनसंख्या 12,800 है। यह दो क्रमिक वर्षों में 25% और 35% बढ़ती है, लेकिन तीसरे वर्ष में 5% घट जाती है। तीसरे वर्ष के अंत में कस्बे की जनसंख्या कितनी है? |
| Ans | ✓ 1. 20,520 |
| | ✗ 2. 20,515 |
| | ✗ 3. 20,517 |
| | ✗ 4. 20,525 |

Adda247 GET IT ON Google Play

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | $\frac{4}{5}+\left(\frac{1}{1+\frac{5}{6}}\right)-\frac{2}{5}$ का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. $\frac{57}{49}$ | |
| | ✗ 2. $\frac{43}{53}$ | |
| | ✓ 3. $\frac{52}{55}$ | |
| | ✗ 4. $\frac{51}{61}$ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | 25 मीटर और 36 मीटर लंबाई वाले दो बिजली के खंभों के बीच की दूरी x मीटर है। यदि एक-दूसरे के पाद से उनके संबंधित शीर्ष के उन्नयन कोण एक दूसरे के पूरक हैं, तो x का मान (मीटर में) __________ है। | |
| Ans | ✗ 1. 28 | |
| | ✗ 2. 32 | |
| | ✓ 3. 30 | |
| | ✗ 4. 26 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:<br>(-9) - (-60) ÷ (-10) + (-4) × 6 | |
| Ans | ✗ 1. -42 | |
| | ✗ 2. -38 | |
| | ✓ 3. -39 | |
| | ✗ 4. -41 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | एक खोखला गोलाकार खोल, 40 $g/cm^3$ घनत्व वाली धातु से बना है। इसकी आंतरिक और बाह्य त्रिज्याएँ क्रमशः 1 cm और 4 cm हैं। खोल का द्रव्यमान (kg में) कितना है?<br>$\left(\pi = \frac{22}{7}\right)$ का उपयोग कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. 11.65 | |
| | ✗ 2. 12.35 | |
| | ✗ 3. 7.56 | |
| | ✓ 4. 10.56 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | दो धनात्मक संख्याओं का गुणनफल 80 है। यदि पहली संख्या, दूसरी संख्या की पाँच गुना है, तो दोनों संख्याओं का योग कितना है? | |
| Ans | ✓ 1. 24 | |
| | ✗ 2. 27 | |
| | ✗ 3. 29 | |
| | ✗ 4. 33 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | यदि ₹400 की राशि 16% वार्षिक ब्याज दर पर 3.5 वर्ष के लिए उधार ली जाती है, तो साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✓ 1. 224 | |
| | ✗ 2. 204 | |
| | ✗ 3. 274 | |
| | ✗ 4. 324 | |

Adda247

| | |
|---|---|
| Q.13 | जीशान, 252 km की दूरी 63 km/hr की चाल से, अगली 150 km की दूरी 30 km/hr की चाल से तथा अगली 680 km की दूरी 68 km/hr की चाल से तय करता है। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में, दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 58.05 |
| | ✓ 2. 56.95 |
| | ✗ 3. 62.09 |
| | ✗ 4. 54.95 |

| | |
|---|---|
| Q.14 | दो संख्याओं का म.स.प. (HCF) और ल.स.प. (LCM) क्रमशः 11 और 330 है। यदि उनमें से एक संख्या 66 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 121 |
| | ✗ 2. 44 |
| | ✗ 3. 66 |
| | ✓ 4. 55 |

| | |
|---|---|
| Q.15 | किसी समकोण त्रिभुज की एक भुजा, दूसरी भुजा की दोगुनी है तथा कर्ण 15 cm है। त्रिभुज का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ 1. 45 |
| | ✗ 2. 70 |
| | ✗ 3. 60 |
| | ✗ 4. 80 |

| | |
|---|---|
| Q.16 | ₹936 की धनराशि को तीन व्यक्तियों के बीच 2 : 4 : 3 के अनुपात में बांटा जाता है। बंटन में सबसे बड़े हिस्से और सबसे छोटे हिस्से के बीच अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 151 |
| | ✗ 2. 132 |
| | ✓ 3. 208 |
| | ✗ 4. 235 |

| | |
|---|---|
| Q.17 | उस पांच सदस्य वाले परिवार का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए, जिसके सदस्यों का वजन 40 kg, 49 kg, 56 kg, 76 kg और 38 kg है। |
| Ans | ✗ 1. 52.8 |
| | ✗ 2. 50.8 |
| | ✓ 3. 51.8 |
| | ✗ 4. 53.8 |

| | |
|---|---|
| Q.18 | शाहिद और मीरा को अपनी-अपनी कारों से दिल्ली से कानपुर जाना है। शाहिद 42 km/hr की चाल से गाड़ी चला रहा है जबकि मीरा 98 km/hr की चाल से गाड़ी चला रही है। यदि शाहिद को कानपुर पहुँचने में 14 घंटे लगते हैं, तो मीरा को कानपुर पहुँचने में कितना समय लगेगा? |
| Ans | ✗ 1. 2 घंटे |
| | ✓ 2. 6 घंटे |
| | ✗ 3. 5 घंटे |
| | ✗ 4. 12 घंटे |

| | |
|---|---|
| Q.19 | एक समबहुभुज के अंतः कोण और बहिष्कोण के बीच का अंतर 120° है। बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 10 |
| | ✗ 2. 14 |
| | ✓ 3. 12 |
| | ✗ 4. 15 |

Adda247 GET IT ON Google Play

| Q.20 | संख्याओं 15.4 और 0.006 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 4.62 |
| | ✗ 2. 0.462 |
| | ✓ 3. 46.2 |
| | ✗ 4. 462 |

| Q.21 | A दो स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक को 19 दिनों में बिछा सकता है और B उसी कार्य को 11 दिनों में पूरा कर सकता है। C की सहायता से, उन्होंने यह कार्य केवल 3 दिनों में पूरा कर लिया। C अकेले यह कार्य कितने दिनों में पूरा कर सकता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. $6\frac{32}{119}$ दिन |
| | ✗ 2. $3\frac{32}{119}$ दिन |
| | ✗ 3. $8\frac{32}{119}$ दिन |
| | ✓ 4. $5\frac{32}{119}$ दिन |

| Q.22 | $\frac{5}{3}+\left(\frac{1}{1+\frac{5}{6}}\right)-\frac{5}{3}$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. $\frac{11}{18}$ |
| | ✓ 2. $\frac{6}{11}$ |
| | ✗ 3. $\frac{7}{13}$ |
| | ✗ 4. $\frac{5}{18}$ |

| Q.23 | निम्नलिखित को सरल कीजिए। $4\left(\left(\frac{3}{4}\right)x^2-25x+17\right)-3(x^2+8x-13)$ |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 124x + 107 |
| | ✗ 2. 124x − 107 |
| | ✗ 3. −124x − 107 |
| | ✓ 4. −124x + 107 |

| Q.24 | यदि 9 और 30 का तृतीयानुपाती x है, तो x का मान कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 102 |
| | ✗ 2. 99 |
| | ✗ 3. 101 |
| | ✓ 4. 100 |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.25 | एक आपूर्तिकर्ता ₹5,000 के मूल्य वाले एक उत्पाद पर 20% की व्यापार छूट प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, पहली छूट देने के बाद वाले मूल्य पर 10% की स्कीम छूट दी जाती है। दोनों छूटों के बाद उत्पाद का अंतिम मूल्य कितना होगा? |
| Ans | ✗ 1. ₹3,800 |
| | ✓ 2. ₹3,600 |
| | ✗ 3. ₹4,000 |
| | ✗ 4. ₹4,500 |

| | |
|---|---|
| Q.26 | ₹1,450 पर 48% की एकल छूट तथा समान राशि पर 10% और 40% की दो क्रमिक छूटों का अंतर कितना होगा? |
| Ans | ✓ 1. ₹29 |
| | ✗ 2. ₹28 |
| | ✗ 3. ₹31 |
| | ✗ 4. ₹32 |

| | |
|---|---|
| Q.27 | एक व्यापारी 58% लाभ पर आटा बेचने का दावा करता है, लेकिन बेईमानी से उस बाट का इस्तेमाल करता है जो उस पर उल्लिखित वजन से 8% कम है। व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ का कुल प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (उत्तर को निकटतम पूर्ण संख्या में पूर्णांकित कीजिए।) |
| Ans | ✗ 1. 71% |
| | ✓ 2. 72% |
| | ✗ 3. 76% |
| | ✗ 4. 74% |

| | |
|---|---|
| Q.28 | 50 कांच की बोतलें ₹50 में खरीदे गईं, और 28 कांच की बोतलें परिवहन के दौरान टूट गईं। व्यापारी ने शेष कांच की बोतलें ₹5.80 प्रति कांच की बोतल की दर से बेच दी। उसका लाभ ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. ₹76.60 |
| | ✗ 2. ₹68.50 |
| | ✗ 3. ₹75.30 |
| | ✓ 4. ₹77.60 |

| | |
|---|---|
| Q.29 | [480 ÷ {12 + 2 × ( 4 − 9 )}] का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 243 |
| | ✗ 2. 242 |
| | ✗ 3. 241 |
| | ✓ 4. 240 |

| | |
|---|---|
| Q.30 | M और N ने एक व्यवसाय शुरू किया। M ने 3 महीने के लिए N से ₹50,000 अधिक निवेश किया, जबकि N ने 7 महीने के लिए निवेश किया। ₹4,920 के कुल लाभ में से M का हिस्सा, N के हिस्से से ₹328 अधिक है। M द्वारा निवेशित पूँजी ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. ₹1,20,000 |
| | ✓ 2. ₹80,000 |
| | ✗ 3. ₹1,00,000 |
| | ✗ 4. ₹60,000 |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.1 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'CLAM' को '1587' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है तथा 'LOAM' को '4875' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। इसी भाषा में 'O' के लिए कूट क्या है? |
| Ans | ✗ 1. 7 |
| | ✗ 2. 8 |
| | ✓ 3. 4 |
| | ✗ 4. 5 |

| | |
|---|---|
| Q.2 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से FRUZ का संबंध JUYC से है। उसी तरीके से, VDKL का संबंध ZGOO से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से HMWU का संबंध किससे है? |
| Ans | ✗ 1. LPXA |
| | ✗ 2. XAPL |
| | ✗ 3. XPLA |
| | ✓ 4. LPAX |

| | |
|---|---|
| Q.3 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ फ़ाइलें, किताबें हैं।<br>सभी किताबें, चाबियां हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ फ़ाइलें, चाबियां हैं।<br>(II) सभी चाबियां, किताबें हैं। |
| Ans | ✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✓ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✗ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |

| | |
|---|---|
| Q.4 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथन में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br>कथन:<br>सभी मोमबत्तियाँ, मोम हैं।<br>कोई मोमबत्ती, ट्यूबलाइट नहीं है।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ ट्यूबलाइट, मोम हैं।<br>(II) सभी मोम, ट्यूबलाइट हैं। |
| Ans | ✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✓ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.5 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ 1. KO−NR |
| | ✗ 2. AE−DH |
| | ✗ 3. LP−OS |
| | ✓ 4. HL−JQ |

Adda247 GET IT ON Google Play

| Q.6 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>6 B 7 D 84 A 3 C 15 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 32 |
| | ✗ 2. 36 |
| | ✗ 3. 42 |
| | ✓ 4. 29 |

| Q.7 | यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।<br><br>(बाएं) 984 673 543 126 341 (दाएं)<br><br>(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)<br><br>यदि सभी संख्याओं को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितनी संख्याओं की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 1 |
| | ✗ 2. 2 |
| | ✗ 3. 4 |
| | ✓ 4. 3 |

| Q.8 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'MALT' को '1264' के रूप में और 'PALM' को '4521' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'P' के लिए कूट क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 2 |
| | ✓ 2. 5 |
| | ✗ 3. 1 |
| | ✗ 4. 4 |

| Q.9 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>A $ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है', और<br>A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>यदि 'E @ F ÷ G + M $ N' है, तो E का N से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. माता के पिता |
| | ✗ 2. माता का भाई |
| | ✗ 3. माता की बहन |
| | ✓ 4. माता की माता |

| Q.10 | निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं लागू करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी तरीके से संबंधित हैं जिस तरीके से निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 तथा 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>19, 33<br>17, 29 |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 22, 38 |
| | ✓ 2. 24, 43 |
| | ✗ 3. 26, 43 |
| | ✗ 4. 23, 40 |

Adda247 GET IT ON Google Play

| Q.11 | यह प्रश्न नीचे दी गई तीन-अंक वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।<br>(बाएँ) 458 294 680 183 297 (दाएँ)<br><br>(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>(नोटः सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।)<br><br>यदि सभी संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितनी संख्याओं का स्थान अपरिवर्तित रहेगा? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. एक |
| | ✗ 2. एक का भी नहीं |
| | ✗ 3. चार |
| | ✗ 4. दो |

| Q.12 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, किसी निश्चित तरीके से FKPX का संबंध IPSC से है। उसी तरीके से, REBR का संबंध UJEW से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ATKG का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. DFRT |
| | ✗ 2. DLNY |
| | ✗ 3. DYLN |
| | ✔ 4. DYNL |

| Q.13 | विराट बिंदु A से यात्रा शुरू करता है और दक्षिण की ओर 10 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 9 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। अंतत: वह दाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 19 km, दक्षिण की ओर |
| | ✗ 2. 15 km, पूर्व की ओर |
| | ✗ 3. 15 km, दक्षिण की ओर |
| | ✔ 4. 19 km, उत्तर की ओर |

| Q.14 | A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G के ठीक दाईं ओर F बैठा है। G के बाईं ओर तीसरे स्थान पर B बैठा है। D और G का निकटतम पड़ोसी A है। B के बाईं ओर दूसरे स्थान पर C बैठा है। D के बाईं ओर से गिनने पर E और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. एक |
| | ✗ 2. तीन |
| | ✗ 3. चार |
| | ✗ 4. दो |

| Q.15 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>7 , 16 , 30 , 49 , 73 , ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 105 |
| | ✔ 2. 102 |
| | ✗ 3. 103 |
| | ✗ 4. 104 |

| Q.16 | किशोरी अपनी कक्षा में नीचे से 15$^{वें}$ स्थान पर तथा शीर्ष से 26$^{वें}$ स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. 40 |
| | ✗ 2. 37 |
| | ✗ 3. 39 |
| | ✗ 4. 38 |

Adda247 GET IT ON Google Play

| Q.17 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>11 B 3 C 20 D 93 A 3 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 9 |
| | ✓ 2. 22 |
| | ✗ 3. 2 |
| | ✗ 4. 15 |

| Q.18 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. HKO |
| | ✓ 2. ORW |
| | ✗ 3. BEI |
| | ✗ 4. DGK |

| Q.19 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?<br><br>JCV 13, MFY 25, PIB 49, SLE 97, VOH 193, ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. YRK 383 |
| | ✓ 2. YRK 385 |
| | ✗ 3. URK 385 |
| | ✗ 4. YOK 385 |

| Q.20 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>JUO UFZ FQK QBV ? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. BMG |
| | ✗ 2. BGM |
| | ✗ 3. BYG |
| | ✗ 4. BGY |

| Q.21 | नीचे दी गई श्रृंखला में, प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>510 511 519 546 610 ? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. 735 |
| | ✗ 2. 755 |
| | ✗ 3. 695 |
| | ✗ 4. 715 |

| Q.22 | यदि + का अर्थ −, − का अर्थ ×, × का अर्थ ÷ और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>12 − 2 + 49 × 7 ÷ 5 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 27 |
| | ✓ 2. 22 |
| | ✗ 3. 12 |
| | ✗ 4. 17 |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.23 | सात व्यक्ति, F, G, H, I, J, K और R, एक गोल मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। I, J के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। R, G के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। H और R के बीच में केवल J बैठा है। F, I का निकटतम पड़ोसी नहीं है। K के दाएं से गिनती करने पर K और R के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✗ 1. एक |
| | ✓ 2. दो |
| | ✗ 3. चार |
| | ✗ 4. तीन |

| | |
|---|---|
| Q.24 | सात बक्से U, V, W, X, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।<br>X के नीचे केवल तीन बक्से रखे गए हैं। X और W के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। V के ऊपर केवल E को रखा गया है। H को G के नीचे किसी स्थान पर और U के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।<br>नीचे से दूसरे स्थान पर कौन-सा बक्सा रखा गया है? |
| Ans | ✗ 1. W |
| | ✗ 2. G |
| | ✗ 3. X |
| | ✓ 4. U |

| | |
|---|---|
| Q.25 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ 1. EI-LC |
| | ✓ 2. CG-JB |
| | ✗ 3. KO-RI |
| | ✗ 4. HL-OF |

| | |
|---|---|
| Q.26 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>26 40 55 71 ? 106 |
| Ans | ✗ 1. 104 |
| | ✗ 2. 92 |
| | ✓ 3. 88 |
| | ✗ 4. 98 |

| | |
|---|---|
| Q.27 | नवनीत बिंदु Y से यात्रा शुरू करता है और पश्चिम की ओर 10 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 18 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। अंततः वह दाएं मुड़ता है, 15 km ड्राइव करता है और बिंदु Z पर रुकता है। बिंदु Y पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं ) |
| Ans | ✗ 1. 10 km उत्तर की ओर |
| | ✗ 2. 4 km पूर्व की ओर |
| | ✓ 3. 3 km दक्षिण की ओर |
| | ✗ 4. 6 km पश्चिम की ओर |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.28 | सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। F के ऊपर कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। F और E के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। G और C के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। C को E के ठीक ऊपर रखा गया है। G और A के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। B को D के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। E के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं? |
| Ans | ✔ 1. चार |
| | ✘ 2. तीन |
| | ✘ 3. दो |
| | ✘ 4. एक |

| | |
|---|---|
| Q.29 | संख्या 8237519 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योग कितना होगा? |
| Ans | ✘ 1. 12 |
| | ✘ 2. 9 |
| | ✔ 3. 10 |
| | ✘ 4. 8 |

| | |
|---|---|
| Q.30 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से JFCK का संबंध HDAI से है। उसी तरीके से, MIFN का संबंध KGDL से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, PLIQ का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
| Ans | ✔ 1. NJGO |
| | ✘ 2. JNOG |
| | ✘ 3. NJOG |
| | ✘ 4. JNGO |

Adda247